राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांक: प.14(37)RSMSSB/अर्थना/पशुपा./पशु.सहा.(अनु.क्षेत्र)/2016/पार्ट–III/59 दिनांक : 10.02.2017

: : कार्यालय आदेश : :

राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र के लिये पशुपालनल विभाग के लिये राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 एवं राजस्थान पशुपालन अधीनस्थ सेवा नियम, 1977 के अन्तर्गत पशुधन सहायक (अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2016 दिनांक 16.10.2016 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 15.11.2016 को बोर्ड द्वारा जारी किया गया था। अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच के समय निम्नलिखित 09 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे हैं। इन 09 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच हेतु एक अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया गया है। अतः पशुधन सहायक (अनुसूचित क्षेत्र) के पद हेतु पात्रता की जांच में अनुपस्थित रहे निम्नलिखित 09 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 20.02.2017 को प्रातः 10.00 बजे निदेशालय, पशुपालन विभाग, पशुधन भवन, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड, जयपुर पर** पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

S. No	Application I.D.	Roll No.	Name of Candidate
1	201600091606	400470	PARESH KHAAT
2	201600091720	400047	RAMNIWAS BHATESHWAR
3	201600090828	400070	MANSINGH KATARA
4	201600086942	400162	PREM CHAND MEENA
5	201600085869	400198	PRAVEEN DHARAWAT
6	201600091097	400234	VINOD YADAV
7	201600086197	400183	RAJMAL
8	201600086562	400455	MUKESH CHARPOTA
9	201600092197	400012	PRABHU LAL

यदि उक्त अभ्यर्थी उक्त निर्धारित दिनांक एवं स्थान पर पात्रता की जांच हेतु उपस्थित नहीं होते हैं तो इनका पशुधन सहायक (अनुसूचित क्षेत्र) के पद पर किया गया अस्थाई चयन निरस्त कर दिया जावेगा।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पशुधन सहायक (अनुसूचित क्षेत्र) पद के लिये जारी विज्ञापन संख्या 04/2016 दिनांक 22.07.2016 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही होगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(आर0 के0 मीना)
अध्यक्ष